कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सरगुजा(अम्बिकापुर)(छ0ग0)

:: तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी भर्ती–2023::

–:: सूचना–पत्र ::–

कार्यालयीन विज्ञापन क्रमांक 1078/दो–11–1/2023 दिनांक 05.07.2023 के द्वारा जिला स्थापना अंतर्गत रिक्त आदेशिका वाहक (नियमित)–03 पद एवं भृत्य (नियमित)–07 पद हेतु दिनांक 25.07.2023 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था, जिसके पश्चात उक्त पदों हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन दिनांक 20.08.2023 (रविवार) को किया गया था, जिसमें उपस्थित अभ्यर्थियों के लिखित परीक्षा में प्राप्त अंक के प्राविण्य सूची के आधार पर, आदेशिका वाहक एवं भृत्य के रिक्त पदों हेतु साक्षात्कार का आयोजन निम्नानुसार किया जाता है :–

–:: परीक्षा कार्यक्रम ::–

क्र	पद नाम	परीक्षा का नाम	परीक्षा का दिनांक	अभ्यर्थी के परीक्षा हेतु उपस्थित होने का समय	परीक्षा स्थल
1	आदेशिका वाहक एवं भृत्य	साक्षात्कार	**10.09.2023 (रविवार)**	प्रातः 10.00 बजे	जिला न्यायालय परिसर, गांधी चौक, अम्बिकापुर (छ0ग0)

टीप :– यदि उपरोक्त पदों के साक्षात्कार नियत तिथि को सम्पन्न नहीं हो पाती है, और स्थगित होती है, तो उक्त दिवस को ही उपस्थित अभ्यार्थियों को आगामी तिथि की जानकारी देते हुए, परीक्षा कार्यक्रम जिला न्यायालय के वेबसाईड एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा किया जावेगा।

उपरोक्त परीक्षा योजना अनुसार द्वितीय चरण चयन प्रक्रिया साक्षात्कार हेतु, विज्ञापित पदों के विरूद्ध अभ्यर्थियों के लिखित परीक्षा में प्राप्त

अंको के आधार पर प्रावीण्य सूची में आये उन अभ्यर्थियों का नाम एवं अनुक्रमांक की सूची प्रकाशित की जा रही है।

यह भी निर्देशित किया जाता है अभ्यर्थी लिखित परीक्षा हेतु जारी प्रवेश पत्र, वैध पहचान प्रमाण पत्र (जैसे ड्राईविंग लायसेंस/पेन कार्ड/आधार कार्ड/मतदान परिचय पत्र/स्मार्ट कार्ड) तथा आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये गये सम्पूर्ण शैक्षणिक, निवास, जाति, इत्यादि दस्तावेज की मूल प्रति लेकर साक्षात्कार की तिथि दिनांक 10.09.2023 को निर्धारित समय से आधा घंटा पूर्व उपस्थित रहेंगे ताकि शैक्षणिक दस्तावेज, प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र का मिलान कर, उन्हें साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति दी जा सके।

जिला न्यायालय, सरगुजा के वेबसाईट **https://surguja,dcourts.gov.in (https://surguja[dot]dcourts[dot]gov[dot]in** में द्वितीय चरण चयन प्रक्रिया साक्षात्कार हेतु, प्रावीण्य सूची में आये अभ्यर्थियों का नाम एवं अनुक्रमांक प्रकाशित किया गया है, जिसके अतिरिक्त किसी भी आवेदक को अन्य किसी भी माध्यम से साक्षात्कार हेतु सूचना/प्रवेश पत्र, पृथक से नहीं भेजा जावेगा, इस संबंध में कोई पत्राचार ग्राह्य नहीं होगा।

साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों को स्वयं के व्यय पर साक्षात्कार हेतु नियत तिथि दिनांक 10.09.2023 को निर्धारित स्थान जिला न्यायालय परिसर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0) में समय प्रातः 10.00 बजे उपस्थित रहना होगा। उन्हें किसी प्रकार का यात्रा व्यय आदि देय नहीं होगा।

अध्यक्ष
चयन समिति
जिला एवं सत्र न्यायालय
सरगुजा(अम्बिकापुर) छ0ग0